हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026



11 समस्याओं के समाधान में अनावश्यक रूप से देरी...



12 सामाजिक संगठनों ने की 24 घंटे सुविधाएं ...




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय अधिवेशन 25 को होगा

**भिवानी।** प्रयास स्पेशल दिव्यांग स्कूल के तहत नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य से अखिल भारतीय संस्था सक्षम द्वारा 25 मार्च बुधवार को सायं 4:30 बजे चिड़ियाघर रोड स्थित पंचायत भवन में जिला स्तरीय अधिवेशन किया जाएगा। अधिवेशन में मुख्यतिथि उपायुक्त साहिल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति समाजसेवी सुरेश गुप्ता शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विभिन्न संस्थाओं की प्रदर्शनी, प्रेरक उद्बोधन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।



### खाते में गलती से आए 50 हजार रुपये लौटाए

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित वार्ड नंबर 13 निवासी राजेश कुमार ने ईमानदारी और इंसानियत का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए खाते में गलती से आई 50 हजार रुपये की राशि मालिक को लौटा दी। राजेश कुमार के इस सराहनीय कार्य से समाज में सकारात्मक संदेश गया है कि आज भी ईमानदारी और मानवता जीवित है। इस नेक कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने राजेश कुमार को सम्मानित किया।

### 23 की पंचायत में उमड़ेगा किसानों का सैलाब

**भिवानी।** शहीदी दिवस पर 23 मार्च को कुरुक्षेत्र के पीपली में किसान महापंचायत का आयोजन होगा। महापंचायत भारत-अमेरिका टैरिफ समझौते और किसानों की लंबित मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंकेगी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी के नेतृत्व में होने वाले आयोजन को अब ग्राम स्वराज किसान मोर्चा का भी पूर्ण समर्थन मिल गया है। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने महापंचायत को लेकर मोर्चा की रणनीति स्पष्ट की है। तालु ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जा सकता। उन्होंने घोषणा की कि भिवानी जिले से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारी और किसान भारी संख्या में पीपली पहुंचेंगे।

### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

**बाढ़डा।** चन्देनी में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम के समय तेज गर्जना और बारिश के बीच अचानक बिजली गिरने से भैंस इसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

## फिर लौटी ठंड, आठ डिग्री लुढ़का पारा, किसानों की हार्ट बीट बढ़ी

# तेज हवा के साथ बरसा पानी, बिछी गेहूं की फसल

**दूसरी तरफ खेतों में तैयार सरसों की फसल भी झड़ने लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





बुधवार देर रात तक हल्की बूंदाबांदी चलती रही,लेकिन गुरुवार दोपहर बाद अचानक आसमान काली घटाओ से पट गया और तेज हवा के साथ आसमान से जमकर पानी बरसा। कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश के साथ चली तेज हवा से गेहूं की फसलें पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई। दूसरी तरफ तेज हवा की वजह से खेतों में तैयार सरसों की फसल भी झड़ने लगी। क्योंकि इस वक्त सरसों की फसल पक कर तैयार है और कुछ जगहों पर इसकी कटाई भी जारी है। तेज हवा से काटी गई सरसों की फसल जमीन पर बिखर गई है और कुछ जगहों पर तेज हवा के चलते सरसों झड़ने भी लगी। मौसम में आए एकदम बदलाव की वजह से किसानों को मोटा नुकसान हुआ है। दूसरी तरफ मौसम में आए एकदम बदलाव के चलते पारा आठ डिग्री सेल्सियस नीचे लूढक गया है। जिससे लोगों को गर्मी में ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। फिलहाल पारा 24 डिग्री सेल्सियस पर है,जबकि बीते सप्ताह पारा 32 से 33 डिग्री सेल्सियस पर था।

सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान काली घटाओं से अटा हुआ था। थोड़ा सा दिन चढा तो आसमान से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसी तरह दौरान तेज हवा चलनी शुरू हो गई। शाम ढलते ढलते तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक कभी तेज तो कभी धीमी गति से आसमान से पानी बरसता रहा। हालांकि हवा ज्यादा देर तक नहीं चली,लेकिन हवा के झौंके के चलते गेहूं की फसल जमीन पर बिछनी शुरू हो गई। कुछ फसलें बुधवार शाम को तेज हवा के साथ हलकी बूंदाबांदी से जमीन पर बिछ गई थी,लेकिन बाकी बची कसर आज हवा ने पूरी कर दी।

हवा की वजह से जिस तरफ नजर जाए। उसी दिशा में फसल जमीन पर बिछी नजर आई। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी। तेज हवा से फसलें जमीन पर बिछने की वजह से औसतन पैदावार घटेगी। क्योंकि पौधे में दाने को फलने व फूलने के लिए हवा व धूप दोनों चाहिए। पर जो पौधा जमीन पर बिछ गया। उसको न तो शुद्ध हवा मिल पाएगी और न ही पर्याप्त धूप मिलेगी।

## तोशाम: खरकड़ी में मकान की छत टूटी टीन शेड भी उखड़े, खंभे गिरे, तार टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

बुधवार देर शाम तेज बारिश के साथ आए आंधी-तूफान ने तोशाम क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर तबाही मचाई जिससे किसानों की फसलों को तो नुकसान हुआ ही बल्कि बिजली के खंभे, तार तथा मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान खेतों में किसानों की पककर तैयार खड़ी फसल बर्बाद हो गई। बुधवार शाम तेज बारिश के साथ आए आंधी-तूफान से तोशाम क्षेत्र के खरकड़ी सोहान निवासी विजेंद्र के मकान की छत टूट गई वहीं टीन शेड भी उखड़कर दूर-दूर जाकर गिरा।

गनीमत रही कि इस दौरान कोई जानमाल की हानि नहीं हुई और



परिवार के सदस्यों का बचाव हो गया। लेकिन करीबन 6 महीने पहले बने मकान की छत के चौके अर्थात पत्थर टूटने तथा मकान के साथ लगा टीन शेड उखड़ गया। मकान मालिक विजेंद्र ने आंधी-तूफान तथा बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए उसके मकान तथा टीन शेड के लिए प्रशासन तथा सरकार से मुआवजे की मांग की है। वहीं क्षेत्र के किसानों की खेतों में पककर पूरी तरह से तैयार खड़ी गेहूं व सरसों की फसल भी आंधी से पूरी तरह से बिछ गई और फसल बर्बाद होने से क्षेत्र के किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसी आंधी तूफान की चपेट में बिजली विभाग के विभिन्न खंबे तथा तार भी आ गए जिससे बिजली विभाग को भी खंबे-तार आदि क्षतिग्रस्त होने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आंधी-तूफान तथा बारिश से किसानों की फसले बर्बाद होने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।



**भिवानी।** छापेमारी के दौरान घरेलू सिलेंडर जब्त करती टीम। फोटो : हरिभूमि

## तोशाम में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 11 घरेलू सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ व्यावसायिक प्रतिष्ठान सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर का ही प्रयोग करें: नरेंद्र कुमार

घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकने के लिए विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम ने तोशाम क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने नियमों की उल्लंघना पर 11 घरेलू गैस सिलेंडरों को मौके पर जब्त किया। छापेमारी के दौरान टीम ने होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक संस्थानों की जांच की।

एएफएसओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना नियम के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से घरेलू गैस का उपयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा इसलिए सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिर्फ व्यवसायिक गैस सिलेंडर का ही प्रयोग करें। विभाग की अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप का माहौल रहा। इसके साथ ही आमजन को बताया गया कि गैस सिलेंडर की जरूरत के अनुसार ही बुकिंग करें व बेवजह गैस सिलेंडर भरवाकर न रखें। विभाग की टीम में मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर आशीष शर्मा व सब इंस्पेक्टर जयदीप जांगड़ा मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि घरेलू गैस सिलेंडर का सही इस्तेमाल सुनिश्चित हो सके।

### प्रवीण ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर फहराया तिरंगा



**तोशाम।** क्षेत्र के गांव सागवान निवासी प्रवीण ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया। सागवान निवासी प्रवीण पर्वतारोही ने एक बार फिर प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। अपनी मेहनत और अटूट साहस के दम पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी, माउंट किलिमंजारो 5 हजार 895 मीटर को फतह कर लिया है। प्रवीण की यह सफलता रातों-रात नहीं मिली है। इस मुकाम तक पहुँचने के लिए उन्होंने पर्वतारोहण के कठिन कोर्स पूरे किए। हिमाचल प्रदेश की दुर्गम फ्रेंडशिप पीक पर अपनी जीत दर्ज की। माउंट युनाम जैसी चुनौतीपूर्ण चोटी को सफलतापूर्वक फतह किया। प्रवीण द्वारा माउंट एवरेस्ट किलिमंजारो फतह करने के बाद उनके हौसले बुलंद हैं। उनका अगला लक्ष्य दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराना है। भिवानी ही नहीं, बल्कि पूरा देश उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है।



### 10 किमी. दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाले कुलदीप का किया स्वागत

**भिवानी।** हौसले बुलंद हों और इरादे नेक तो उम्र और परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं। इसे सच कर दिखाया है जिला गांव हेतमपुरा निवासी कुलदीप पुत्र पालाराम ने। भटिंडा के तलबंदी साबो यूनिवर्सिटी में 14 से 16 मार्च तक आयोजित 45वीं नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में कुलदीप ने 30 से अधिक आयु वर्ग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 10 किलोमीटर की दौड़ में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। नेशनल स्तर पर पदक जीतकर जब कुलदीप अपने पैतृक गांव हेतमपुरा पहुँचे, तो ग्रामीणों और खेलप्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता था। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि कुलदीप की यह जीत केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि मेहनत के दम पर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचा जा सकता है।

### भाविप ने नव संवत्सर 2083 का किया स्वागत



**भिवानी।** भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के ध्येय के साथ वीरवार को पंडित सीताराम शास्त्री कॉलेज की यज्ञशाला में भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा ने हिंदू नववर्ष नव संवत्सर 2083 के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण और आहुतियों के साथ नए वर्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के उप प्राचार्य डा. हिमांशु के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया और विद्यार्थियों को हवन का महत्व बताया।

**उपलब्धि** विद्यार्थियों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा

## सीबीएलयू एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट डाटा अपलोड करने वाला प्रदेश का पहला विवि बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी द्वारा विद्यार्थियों के हित में परीक्षा सुधारों के क्षेत्र में किए गए सतत एवं गंभीर प्रयासों ने परीक्षा से संबंधित लंबित कार्यों का निपटान कर परीक्षा संबंधी संचालन कार्यों को गति प्रदान करने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 (एन ई पी) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी)' प्रणाली के सफल क्रियान्वयन में हरियाणा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। विवि. ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल



■ विवि . कुलगुरु प्रो . दीप्ति धर्माणी ने इस उपलब्धि पर विवि .परिवार को बधाई दी

करते हुए 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स(एबीसी)' पहल के अंतर्गत क्रेडिट डाटा अपलोड करने में हरियाणा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का विद्यार्थियों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा और इससे विश्वविद्यालय के एकेडमिक डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने इस उपलब्धि पर समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी । उन्होंने परीक्षा शाखा के समर्पित प्रयासों, विशेष रूप से परीक्षा नियंत्रक के नेतृत्व में (एबीसी) प्रणाली के सफल क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप नवाचारपूर्ण शैक्षणिक पहलों को लागू करते हुए उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। यह उपलब्धि एवं सम्मान चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की एक प्रगतिशील संस्थान के रूप में पहचान को और सुदृढ़ करता है, जो उच्च शिक्षा में शैक्षणिक उत्कृष्टता, पारदर्शिता तथा डिजिटल रूपांतरण के प्रति प्रतिबद्ध है।




**विशेष: विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च**

बच्चो, गौरैया एक छोटी-सी प्यारी चिड़िया है, जो कभी हर घर-आंगन में फुदकती देखी जाती थी। इसकी 'चीं-चीं' की आवाज बहुत भाती है। लेकिन कई कारणों से अब यह चिड़िया कम ही दिखती है। हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से नन्ही गौरैया को फिर से घर-आंगन की रौनक बना सकते हैं।

# आओ बनें गौरैया के दोस्त


एआई इमेज

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

एक समय था, गौरैया 'चीं-चीं' करते हुए हर जगह दिखाई देती थी, लेकिन अब यह लुप्त सी हो गई है। आजकल बहुत कम नजर आती है। गौरैया बनी रहे, इनकी चहचहाट सुनाई देती रहे, इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है।

**ऐसे हुई विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत:** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली भारतीय संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी के फाउंडर मोहम्मद दिलावर, गौरैया की घटती हुई संख्या से चिंतित हुए। वर्ष 2010 में उन्होंने फ्रांस की ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की शुरुआत की। शहरीकरण, मोबाइल रेडिएशन और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल के कारण घटती गौरैया की आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और गौरैया के संरक्षण को बढ़ावा देना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

**हमारी फ्रेंड जैसी गौरैया:** पुराने समय में गौरैया घर के सदस्य जैसी हुआ करती थी। वह दादी की रसोई से दाना चुगती थी, आंगन में दादाजी के पास आकर बैठ जाती थी, छत पर अनाज सूखते तो गौरैया झुंड बनाकर आतीं, इधर-उधर फुदक-फुदक कर दाने चुगती रहतीं! बच्चो, सोचो जरा, गौरैया की ये हरकतें कितनी मनभावन होती होंगी! लेकिन आज हमारे घरों में पहले की तरह गौरैया नहीं आतीं, लुभावने दृश्य देखने को नहीं मिलते हैं।

**क्यों दूर हो गई गौरैया:** बच्चो, हमारी प्यारी नन्ही दोस्त गौरैया की घटती संख्या और हमसे दूर होने के कई कारण हैं- जैसे-जैसे पेड़-पौधे कटने लगे, शहरीकरण होता गया, लोगों के रहन-सहन बदलने लगे, वैसे-वैसे हमारी ये नन्ही फ्रेंड हमसे दूर होती चली गई। अब घरों में झरोखे और रोशनदान नहीं होते, जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके। अब ये बेचारी घरों में घुस तक नहीं सकती। एसी मशीनों की गर्म हवा और प्रदूषण ने इस नन्ही-सी जान का जीना मुश्किल कर दिया है।

हम अपने गार्डन, बालकनी में विदेशी शो पीस जैसे प्लांट लगाते हैं, जिनमें छोटे कीड़े नहीं होते। जबकि गौरैया के बच्चे हमारे देसी पेड़-पौधों पर पाए जाने वाले नन्हे कीड़ों को खाते है, जिससे उसे पोषण मिलता है। अब घरों में खेत से आने वाले गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की जगह बंद पैकेट्स में रेडिमेड अनाज आते हैं, जिससे गौरैया को दाना मिलना बंद हो गया। इन सबके अलावा मोबाइल टावर्स से निकलने वाले रेडिएशन से भी गौरैया के जीवन को खतरा होता है।

**कैसे हो गौरैया की घर वापसी:** बच्चो, हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से अपने घरों में बुला सकते हैं। आओ बच्चो, हम आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया के सच्चे दोस्त बनें और उसे वापस बुलाने के लिए कुछ छोटे-छोटे मगर प्रभावी कदम उठाएं।

**खोलो देसी चिड़िया ढाबा:** अपनी बालकनी या छत पर मिट्टी के एक बर्तन में साफ पानी और दूसरे बर्तन में बाजरा, कंगनी या टूटे हुए चावल रखो।

**बनाओ उसका अपार्टमेंट:** चिड़िया को छांव और आश्रय देना भी जरूरी है। आजकल बाजार में तरह-तरह के बर्ड हाउस, नेस्ट, बर्ड फीडर आदि मिलते हैं। तुम चाहो तो जूते के पुराने डिब्बे में एक छोटा छेद करके उसे किसी सुरक्षित और ऊंची जगह पर लटका सकते हो, गौरैया इसमें रह सकेगी। इस डिब्बे को तुम कलर पेपर से सजाकर और भी अट्रैक्टिव बना सकते हो।

**गौरैया के लिए हरियाली:** घर की खिड़की, बालकनी या छत पर गेंदा, चमेली या नीबू जैसे देसी पौधे लगाने चाहिए। इन पर आने वाले छोटे कीट गौरैया के बच्चों का पसंदीदा भोजन होते हैं।

**कीटनाशकों को 'नो' कहें:** अपने पौधों पर जहरीले कीटनाशक का छिड़काव नहीं करना चाहिए। इससे गौरैया बीमार पड़ सकती है।

बच्चो, तुम्हारे इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सकारात्मक असर होगा। सोचो, कितना अच्छा लगेगा जब सुबह तुम्हारी नींद अलार्म से नहीं, बल्कि गौरैया की 'चीं-चीं' से खुलेगी! गौरैया को बचाने का मतलब सिर्फ एक पक्षी को बचाना नहीं है, बल्कि अपनी प्रकृति और खुशियों को भी बचाना है। *

### प्यारी और अनूठी गौरैया

बच्चो, गौरैया से जुड़े कुछ और भी रोचक तथ्य हैं, जो तुम्हें जरूर जानने चाहिए, जैसे-



**नहाने की शौकीन:** गौरैया को नहाना बहुत पसंद है। यह पानी में भी नहाती है और धूल में भी। यह जब धूल में मस्ती करती है तो इसे धूल-स्नान या डस्ट-बाथ कहते हैं।

**ईको-फ्रेंडली:** यह छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर हमारे पेड़-पौधों को बीमारियों से बचाती है।

कविता / राम नरेश 'उज्ज्वल'

### मेरे घर आती गौरैया



मेरे घर आती गौरैया
घर भर को भाती गौरैया।
तिनका-तिनका जोड़-जोड़ कर,
कागज-पत्तर तोड़-मोड़ कर,
बना लिया उसने अपना घर,
कितना प्यारा, कितना सुंदर,
आंगन में मां दाने रखती,
बीन-बीन खाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
जंगल झाड़ी में भी जाती,
ढूंढ़-ढूंढ़ कर दाने लाती,
भूखे बच्चे मुंह फैलाते,
अपनी मां से भोजन पाते,
अपने नन्हे बच्चे को भी,
कभी-कभी लाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
झुंड बनाकर उड़ती ऊंचे,
टहल घूम कर आती नीचे,
पानी पीती घर के नल से,
पता नहीं क्या कहती जल से,
चीं-चीं चूं-चूं दिन भर करती,
सबको बहलाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।

**विशेष: विश्व जल दिवस (22 मार्च)**

बच्चो, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का 2.5-3% हिस्सा ही ताजा जल है। विश्व में एक देश ऐसा है, जहां ताजे पानी की सर्वाधिक उपलब्धता है। कौन-सा है वह देश और किन कारणों से वहां उपलब्ध है सर्वाधिक ताजा जल, जानो।

# इस देश में उपलब्ध है सर्वाधिक साफ-ताजा जल

यह भी जानो
नयनतारा


ताजे पानी की सबसे बड़ी झील-सुपीरियर लेक

बच्चो, जल के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं है। लेकिन हमारे लिए उपयोगी ताजा जल पृथ्वी पर बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमारी पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल राशि का बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही ताजा जल है। यह ताजा जल नदियों, झीलों, ग्लेशियरों और जमीन के अंदर से मिलता है। सभी देशों के पास ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसीलिए ताजे जल को बर्बाद करने से हम सभी को बचना चाहिए।


ह्यूरॉन लेक भी है कनाडा में ताजा पानी का स्रोत

**कम हो रहा ताजा पानी:** हालांकि पृथ्वी का तीन-चौथाई हिस्सा जल है, लेकिन इसका बहुत कम हिस्सा ही इस्तेमाल करने योग्य यानी ताजा पानी है। चिंताजनक बात यह है कि ताजे पानी की उपलब्धता दिनों-दिन कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं, जैसे- झीलों, नदियों से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित किया जा रहा है। लोग पानी को बहुत बर्बाद भी करते हैं।

**यहां है सर्वाधिक ताजा जल:** संयुक्त राष्ट्र एवं वर्ल्ड बैंक के डाटा के अनुसार संसार में जो कुल ताजा पानी है, उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत अकेले कनाडा देश में उपलब्ध है। अब तुम सोच रहे होगे कि अकेले कनाडा में इतना अधिक स्वच्छ जल कैसे उपलब्ध है? इसकी प्रमुख वजह है वहां बड़ी संख्या में मौजूद झीलें।

**मौजूद हैं कई बड़ी झीलें:** कनाडा ताजा जल की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध देश है। यहां 2 मिलियन से भी अधिक झीलें मौजूद हैं, जिनमें से अधिकतर हजारों साल पहले ग्लेशियरों के सिकुड़ने की वजह से बनी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील, कनाडा में ही स्थित है। विनिपेग झील भी कनाडा में स्वच्छ, ताजे पानी का एक बड़ा स्रोत है। इनके अलावा यहां ग्रेट बीयर लेक, ग्रेट स्लैव लेक, अथाबास्का लेक, ह्यूरॉन लेक जैसी कई लेक्स हैं, जो कनाडा को साफ-स्वच्छ ताजा जल की उपलब्धता की दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं।

**भारत का स्थान:** दुनिया के अन्य देशों में ताजे पानी की उपलब्धता तो है, लेकिन यह कनाडा की तुलना में बहुत ही कम है। ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में कनाडा के बाद ब्राजील, रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान आता है। यानी अपने देश में भी ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसलिए बच्चो, तुम स्वयं पानी की बर्बादी कभी मत करना और दूसरों को भी पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## अच्छी-प्यारी कहानियां



बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' की बाल कहानियों की किताब 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इन कहानियों में तुमको कहीं जानकारी मिलेगी तो कहीं सीख मिलेगी। लेकिन इनको ऐसे रोचक अंदाज में लिखा गया है कि पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा। पहली कहानी 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' में तुमको यह पता चलेगा कि विभिन्न ग्रहों पर अलग-अलग गुरुत्वाकर्षण के कारण कैसे भार में अंतर महसूस होता है? जलवायु परिवर्तन कैसे मौसम के चक्र को बिगाड़ रहा है, इस विषय पर 'बिन मौसम' कहानी सचेत करती है। 'दाने दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम' इस मुहावरे पर आधारित मजेदार कहानी है 'नाम नहीं'। इनके अलावा किताब में स्वतंत्रता दिवस, होली, दीपावली, नए साल और ईद जैसे त्योहारों पर केंद्रित कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। अन्य कहानियां 'एकता में बल है', 'गर्मी की छुट्टियां', 'सारे जग से न्यारी मम्मी' भी बहुत अच्छी-प्यारी हैं। *

**किताब:** चंद्रलोक की थुलथुल परी, **लेखक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय', **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू-मिंटू** फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटू:** अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटू:** गोल करने के लिए।
**मिंटू:** लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
-आशीष, रायपुर

**हिंदी टीचर:** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहन:** जैसे ही मैंने नल की टोटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-करण, बिलासपुर

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े भोलू से पूछा, 'बेटा ये कौन-सा स्टेशन है?'
**भोलू:** अंकल, ये रेलवे स्टेशन है।
-कुसुम, भोपाल

## जीके क्विज-197

1. भारत का दूसरा पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?
2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन किन देशों में किया जाएगा?
3. अगले महीने किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे?
4. हाल में 16 साल की उम्र में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
5. सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?
8. पानी में हाइड्रोजन के अलावा कौन सा तत्व मौजूद होता है?
9. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
10. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-197 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-196 का उत्तर :** 1.तरनजीत सिंह संधू, 2.न्यूजीलैंड, 3.आरव डेंगला, 4. 22 मार्च, 5.सारनाथ, 6.थिंपू, 7.राजा राममोहन राय, 8.राज्य सभा, 9.मिल्खा सिंह, 10.शनि

**जीके क्विज-196 का सही उत्तर देने वाले :** शुभ-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कुलमनी-ईमेल से, कबीर-हिसार, सुनीता-सीतापुर, नीटू-रायगढ़, कुसुम-भोपाल, अंकुश-रायपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बलौदा बाजार



कहानी
डॉ. मोहम्मद अरशद खान

नन्हे अरशान ने पहला रोजा रखा तो उसे लोगों ने मुबारकबाद के साथ तोहफे और पैसे भी दिए। अरशान को ईद के दिन ईदी के भी खूब पैसे मिले। लेकिन अभी उसे और पैसे चाहिए थे। पापा ने उसे डांटा, यह लालच सही नहीं है, इतने पैसे क्यों बटोर रहे हो? अरशान ने जब इसकी वजह बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए!

# अरशान की ईद


एआई इमेज

इस बार का रमजान अरशान के लिए खास था। उसने पहली बार रोजा रखा था। वह छोटा था, इसलिए अम्मी डर रही थीं। बारह-तेरह घंटे बिना कुछ खाए-पिए इबादत में लगे रहना बड़ों के लिए भी आसान नहीं था, और वह तो अभी आठ-नौ साल का बच्चा था। पर उसने ऐसी जिद ठानी कि मम्मी ने इजाजत दे दी। शाम को इफ्तार पार्टी हुई। रिश्तेदार, मुहल्ले के लोग और दोस्त-अहबाब आए। सबने अरशान को मुबारकबाद दी और पहला रोजा रखने की खुशी में तोहफे और पैसे दिए। अरशान की गुल्लक भर गई। उसे पहली बार इतने पैसे मिले थे, लेकिन वह खुश नहीं था। वह बार-बार नोटों को गिनता, उन्हें गुल्लक में तरतीब से जमाता और किसी चिंता में डूब जाता।

ईद का दिन आया तो परिवार के सब लोग नमाज पढ़ने गए। नमाज के बाद वे मेले में घूमे। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की दुकानें लगी हुई थीं। अरशान को उसमें कोई रुचि नहीं थी। वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था, ताकि सबसे अपनी ईदी वसूल सके। रास्ते में भीड़ थी। गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी। अरशान पूरे रास्ते बेचैन रहा। घर पहुंचते ही उसने दादा-दादी और मम्मी-पापा से ईदी वसूल की और फिर अपनी बड़ी बहन आलिया के पास आया। उससे बोला, 'अप्पी, आप भी ईदी दीजिए न।' 'मैं!' आलिया हैरानी से बोली।

'सब बड़े अपने से छोटों को ईदी देते हैं न!' अरशान तुरंत बोला। पास बैठे दादा जी ने सुना तो वह हंसने लगे। आलिया के हाथ पर सौ का नोट रखते हुए बोले, 'बात तो अरशान सही कह रहा है। लो, तुम भी उसे ईदी दे दो।' 'लालची कहीं का।' बड़बड़ाते हुए आलिया ने बेमन से उसके हाथों में ईदी रख दी। थोड़ी देर बाद अस्थाना अंकल घर आए। वह पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने दादा जी के पैर छुए और गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। फिर सिवइयां और पकवान खाने लगे।

तभी अरशान आया और बोला, 'अंकल, नमस्ते! आपने मुझे ईदी नहीं दी?' अरशान के इस व्यवहार से मम्मी-पापा असहज हो गए, लेकिन अस्थाना अंकल हंसते हुए बोले, 'नमस्ते बेटा, खुश रहो.. । मैं भी कितना गड़बड़ आदमी हूं। भर-भरकर सिवईं खाए जा रहा हूं और ईदी देना भूल ही गया।' यह कहकर उन्होंने पर्स से पैसे निकाले तो दो नोट बाहर आ गए। उन्होंने दो सौ का नोट पर्स के अंदर रखते हुए सौ का नोट अरशान की ओर बढ़ाया और बोले, 'लो भई, अपनी ईदी।'

'अंकल वो दो सौ वाला नोट दे दीजिए न।' अरशान इठलाता हुआ बोला।

पापा की भौंहें गुस्से से तन गईं। अस्थाना अंकल जोरदार ठहाका लगाते हुए बोले, 'लो भई, वह नोट भी रखो और यह भी। अब जाओ अपनी अप्पी को भी भेजो। वर्ना उसे ईदी देने दोबारा आना पड़ेगा और तुम्हें फिर से सिवईं खिलानी पड़ेगी।' कहकर वह जोरों से हंसे। अस्थाना अंकल के जाते ही पापा गुस्से से फट पड़े, 'यह क्या तरीका है। मेहमान से ऐसे बात की जाती है? अस्थाना जी की जगह कोई होता तो बुरा मान जाता।'

'आपको नहीं पता, पापा। ये जनाब मुहल्ले में घर-घर ईदी मांगकर आए हैं।' आलिया ने बताया। पापा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। दादा-दादी और अम्मी भी नाराजगी भरी निगाहों से उसकी ओर देखने लगे। पापा ने उसे खूब डांट पिलाई और बोले, 'अजब लालची बच्चा है। अभी रोजा कुशाई में ढेर सारे पैसे मिले हैं। अब ईदी समेटने पर जुटा है। पूरे मुहल्ले में हंसी उड़वा दी।'

पापा ने अरशान से गुल्लक मंगाकर पैसे गिने। गिनते-गिनते उनकी त्योरियां चढ़ गईं, 'पूरे अट्ठारह सौ पचास रुपए हैं। ये भी तुम्हें कम लग रहे हैं?' 'हां, अभी चार सौ रुपए कम हैं।' अरशान बुझी-सी आवाज में बोला। इस जवाब पर सब हैरानी से उसकी ओर देखने लगे। 'दरअसल.!' अरशान डरते-डरते बोला, 'मेरा एक क्लासमेट है शलभ। पिछले बरस उसके पापा नहीं रहे। स्कूल के खर्चों की वजह से मम्मी उसका नाम कटाना चाहती हैं। पर हम सब दोस्तों ने उन्हें मना लिया है। हमने तय किया है, कोई दोस्त किताबें खरीद कर देगा तो कोई कॉपियां और कोई स्कूल बैग। कोई ड्रेस लाकर देगा। मैं उसकी फीस जमा करने की सोच रहा हूं, लेकिन अभी इतने पैसे ही नहीं इकट्ठा हो पाए।' अरशान की बात सुनकर सब लोग सन्न रह गए। अचानक पापा को जाने क्या हुआ कि वे कड़क आवाज में बोले, 'लो, इन पैसों को गुल्लक में वापस रखो। इनसे किसी की फीस-वीस नहीं भरी जाएगी।' पापा की बात पर अरशान डर गया। दादा जी, मम्मी और आलिया का दिल भी धक से रह गया। तभी सबने पापा की ओर देखा तो उनके चेहरे पर मुस्कराहट खिली हुई थी। वह बोले, 'अरे भई! अब आगे से तुम्हारे दोस्त की पढ़ाई का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा।' अरशान खुशी से चहक उठा। ईद तो हर बार आती थी, पर इस बार की ईद अरशान के लिए बहुत ज्यादा खुशियों भरी थी। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय


एआई इमेज

## ईद मुबारक

यह सुंदर त्योहार ईद का,
सब लोगों को ईद मुबारक!
आसमान में निकला चांद,
ईद मन रही उसके बाद।
हम सब बच्चे ईदी पाते,
मीठी-मीठी सेंवई खाते।
इस प्यारे दिन के क्या कहने?
नए-नए कपड़े सब पहने,
कहते सबसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!
मस्जिद में सब पढ़ें नमाज,
हंसी-खुशी का दिन है आज।
जो भी मिलता गले लगाते,
रोजे के किस्से बतियाते।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
सब मिलकर दे रहे बधाई।
कहते हमसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां ईद सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में कुछ अंतर भी हैं। तुम तीन मिनट के अंदर इन चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़ कर बताओ।




**उत्तर:** 1.दाईं तरफ सोफे के पीछे से सारे बैलून गायब है। 2.बच्चे के हाथ में जो गिफ्ट पैक है, उसके रिबन का कलर बदला हुआ है। 3.बाईं तरफ विंडो कर्टेन का ज्यादा हिस्सा दिख रहा है। 4.टेबल पर रखे टिश्यू पेपर बॉक्स का कलर बदला हुआ है। 5.पीछे के हैंगिंग लाइट्स के कलर्स बदले हुए हैं।

## सही परछाई पहचानो

बच्चो, यहां नन्ही गौरैया का एक चित्र दिया गया है। साथ ही चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि गौरैया के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: B

**खबर संक्षेप**

## भूतपूर्व सैनिकों के हितों से खिलवाड़ किया: राकेश

**बाढड़ा।** इनेलो भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष डिप्टी कमांडेंट राकेश दिसौदिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने आजादी के बाद पहली बार भूतपूर्व सैनिकों व अर्धसैनिक बलों के हितों के लिए संचालित योजनाओं पर तरह तरह के नियम लागू कर सीमा प्रहरियों के हितों से खिलवाड़ किया है। अग्निवीर जैसी योजनाएं सेना की धरातली जरूरतों को देखकर नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगाने के लिए लागू की गई है। शहीदी दिवस पर इनेलो के 23 मार्च के युवा सम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से सभी वर्ग बढ-चढकर भगीदारी करेंगे। यह बात उन्होंने उपमंडल के दौरे से लौटकर कस्बे में इनेलो कार्यकर्ताओं व भूतपूर्व सैनिकों के समक्ष कही।

## जन आक्रोश रैली के लिए अभियान चलाया

**बाढड़ा।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने 24 मार्च को दिल्ली में प्रस्तावित जन आक्रोश रैली तैयारी के लिए बाढ़ड़ा दादरी में सघन अभियान चलाया हुआ है और प्रचार अभियान में जुटे पदाधिकारियों ने आनलाइन बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा कर जिम्मेदारी लगाई। मजदूर नेता कमलेश भैरवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश व जिला सचिव मण्डल सदस्य कामरेड अनिल कुमार भी शामिल हुए तथा संचालन पार्टी जिला कमेटी सदस्य सुमेर धारणी ने किया। इस दौरान 24 मार्च को दिल्ली होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारी पर मंथन किया।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे 14 मामले

# समस्याओं के समाधान में अनावश्यक रूप से देरी नहीं होनी चाहिए: उपायुक्त

**डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी साहिल गुप्ता ने की। बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, इनमें छह परिवाद पुराने और आठ नए परिवाद रखे गए। डीसी ने सभी परिवादों की सुनवाई की और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वे पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करें ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। समस्याओं के समाधान में अनावश्यक रूप से देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में रखे गए परिवादों की सुनवाई के दौरान डीसी ने स्थानीय सैशन कॉलोनी सुभाष के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभाग को महीने का समय दिया और कहा कि इस मामले में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए। वहीं झुप्पा खुर्द निवासी सुनीता ने कहा कि वे पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट हैं और आगे किसी प्रकार की जांच नहीं चाहती। कीर्ति नगर भिवानी से संदीप कौशिक ने अभी तक पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई पर आभार जताया वहीं मामले में कार्रवाई को जल्द से जल्द से पूरा करने की मांग की। फैंसी चौक निवासी धर्म सिंह के मामले में डीसी ने पुलिस को पीजीआई से सप्ताह में रिपोर्ट मंगवाने के निर्देश दिए ताकि चिकित्सकों की लापरवाही से हुई महिला के मौत के मामले में उचित कार्रवाई हो सके। बवानी खेड़ा से चिरंजी लाल के बिजली निगम द्वारा अवैध रूप से बिजली जुर्माना राशि लेने के मामले में डीसी ने एसडीएम महेश कुमार को जांच सौंपी। खानक से युवा एकता संगठन व समस्त ग्रामवासियों की सुनवाई करते हुए डीसी ने प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नियमों के अनुरूप जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। हनुमान गेट निवासी संतोष पत्नी विनोद कुमार के लड़के की मौत के मामले में एसडीएम, डीएसपी और सिविल सर्जन के अलावा कष्ट निवारण समिति के दो गैर सरकारी सदस्यों को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।



भिवानी। आयोजित खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त।

### स्पेशल केस बनवाकर मुख्यालय भेजें

महम रोड भिवानी से समस्त चौखानी इस्टेट निवासियों की अवैध रूप से ट्यूबवेल की शिकायत पर डीसी ने एसडीएम को जांच करने व नियमानुसार उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। देवसर निवासी सतबीर सिंह की घर से उपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन हटवाने के मामले में डीसी ने बिजली निगम को स्पेशल केस बनवाकर मुख्यालय भिजवाने के निर्देश दिए ताकि बिजली तारों की वजह से कोई हादसा ना हो। स्थानीय सेक्टर-13 निवासियों के मामले में डीसी ने गली के पुनर्निमाण के निर्देश दिए ताकि यहां पर जलभराव की समस्या ना बने। प्रीत विहार कॉलोनी निवासियों की गली के बीच बिजली पोल से संबंधित शिकायत पर डीसी ने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता और ट्रेफिक एसएचओ को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि पोल के कारण आवागमन बाधित होता है तो उनको उचित जगह पर शिफ्ट किया जाए। शांति नगर निवासी राजीव ने बताया कि उनकी पीआईडी को दुरूस्त कर दिया है और वे नगर परिषद की कार्रवाई से संतुष्ट हैं। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन का भी जताया। विद्या नगर निवासी महिलाओं द्वारा रखी गई मंदिर में बहुत तेज आवाज में लाऊडस्पीकर बजाने की शिकायत रखी।

### सभी शिकायतों को गंभीरता से लें

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में वीरवार को डीडीपीओ सोमबीर कादयान की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीडीपीओ कादयान ने लोगों की शिकायतों को गौर से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनहित से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीडीपीओ कादयान के समक्ष जिला कष्ठ निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नबंदार ने चौ. बंसीलाल राजकीय अस्पताल की परिवार कल्याण समिति के पुनर्गठन की मांग की और पुरानी समिति की अधिकारिक जांच करवाने की शिकायत रखी। पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने नेहरू पार्क के पास कार पार्किंग बनवाने बारे शिकायत पर डीडीपीओ ने बताया कि उस जमीन पर साइबर थाना बनाने की योजना प्रक्रियाधीन है। गोदावरी ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिलवाने, मोहन कुमार, मीना देवी, इंदू, ज्योति बाला ने फैमिली आईडी दुरूस्त करवाने बारे, शकुंतला ने अपने प्लॉट से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत रखी। डीडीपीओ के समक्ष धीरज, रमेश व राजवीर ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने, मनिंद्र ने अपने मकान की दोबारा से पैमाइश करवाने, मोहित ने बैंक से लिए होम लोन की किश्त देने का समय बढवाने, हरि सिंह व रामचंद्र ने फैमिली आईडी से प्लॉट हटवाने, सोमवीर ने अविवाहित पेंशन बनवाने, बाला व बलराम ने बारिश के कारण मकान गिरने पर आर्थिक सहायता राशि दिलवाने, ओम सिंह ने बीरण से बलियाली रोड़ के बीच खड़े बिजली खंभे व उसके खेत से बिजली का सामान हटवाने, सतीश ने सेक्टर-13 में अवैध कब्जे हटवाने, पटेल नगर निवासियों ने बंद गली से अवैध कब्जा हटवाने, कलावती ने उनकी नाबालिग भांजी के गायब होने पर पुलिस कार्रवाई करवाने तथा सेक्टर-13 निवासी अशोक शर्मा ने गली में फेरी वालो द्वारा तेज आवाज में स्पीकर चलाने पर रोक लगवाने की शिकायत रखी। उन्होंने सभी शिकायतों को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अब इलाज के लिए नहीं भागना पड़ेगा बड़े शहरों में : कौशिक



भिवानी। मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए।

- भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने लिया मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने वीरवार को स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज के भवन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की अत्याधुनिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और चिकित्सा प्रबंधों का जायजा लेते हुए इसे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य क्रांति करार दिया। निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और मुख्य भवन के हर तल का भ्रमण किया। उन्होंने वहां मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ से मुलाकात की और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से कॉलेज में इस्तेमाल की गई नई तकनीकों और आधुनिक निर्माण शैली की सराहना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भिवानी का मेडिकल कॉलेज केवल एक इमारत नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना का प्रतीक है। जिस तरह से यहां अत्याधुनिक मशीनों और सुविधाओं का समन्वय किया गया है, उससे अब स्थानीय जनता को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस मैडिकल कॉलेज में आमजन के लिए ओपीडी सुचारू रूप से संचालित है तथा नई तकनीकी काफी सुविधाएं धीरे-धीरे आरंभ हो रही है। क्योंकि भाजपा सरकार का उद्देश्य आमजन का जीवन सरल बनाना है। निरीक्षण के पश्चात विरेंद्र कौशिक ने मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डा. धीरज परिहार के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस चर्चा में कॉलेज के आगामी विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और भविष्य की योजनाओं पर विमर्श हुआ।

### सरकार को सराहा

जिला अध्यक्ष ने इस दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में आत्मनिर्भर बन रहा है। विरेंद्र कौशिक ने दोहराया कि भिवानी का पंडित नेकीराम शर्मा मैडिकल कॉलेज का यह स्वरूप सरकार की विकासोन्मुख सोच का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार, संदीप श्योराण, रमेश पचेरवाल, धीरज सैनी, प्रदीप बंसल भी साथ रहे।

## भिवानी से संबंध रखने वाले प्रेमचंद गुप्ता 30 साल तक रहे संसद सदस्य

- डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्र में कॉरपोरेट अफेयर मंत्री रहे गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा एवं राज्यसभा में भिवानी का मजबूत प्रतिनिधित्व एवं भागीदारी रही है। भिवानी से संबंध रखने वाले प्रेमचंद गुप्ता का संसद में सबसे लंबा 30 साल का कार्यकाल रहा है। गुप्ता हाल ही में राज्यसभा से रिटायर हुए हैं। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने लाला लखीराम, बनारसी दास गुप्ता और प्रेमचंद गुप्ता को जिले का गौरव बताया है। उन्होंने कहा कि भिवानी में जन्में प्रेमचंद गुप्ता बिहार से राज्यसभा सांसद रहे। 30 साल तक का बतौर सांसद उनका लंबा कार्यकाल रहा है, वे डॉ. मनमोहन सिंह की केंद्र सरकार में कॉरपोरेट अफेयर मंत्री भी रहे हैं। उन्होंने भिवानी व देश के वैश्य समाज का नाम रोशन किया है। राज्यसभा सांसद पद से रिटायर होने पर उन्होंने राजनीतिक बदलाव पर खुलकर अपनी बात रखी। पूर्वमंत्री प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि पहले की राजनीति और अब की राजनीति बहुत बदल चुकी है। 30 साल के सफर में उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखें। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का भी प्रेमचंद गुप्ता ने जिक्र किया कि वे पांच साल तक डॉ. सिंह के साथ केंद्र में मंत्री रहे।



### भिवानी का किया प्रतिनिधित्व

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रेमचंद गुप्ता के अलावा भिवानी से संबंध रखने वाले चौधरी बंसीलाल, लाला लख्खीराम, बनारसी दास गुप्ता, जनरल वीके सिंह, सुरेंद्र सिंह, किरण चौधरी, श्रुति चौधरी, धर्मबीर सिंह व एनडी गुप्ता ने लोकसभा व राज्यसभा में पहुंचकर भिवानी जिले का नाम रोशन किया है।



भिवानी। कार्यक्रम में अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

### संकट मोचन श्रीबालाजी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भिवानी।** आदर्श गांव सुई के श्रीसंकट मोचन श्रीबालाजी धाम में सातवें विशाल भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धाम के अध्यक्ष डॉ. उमेद शर्मा ने की। इस अवसर पर हरिद्वार (भीम गोडा) स्थित स्वामी जगन्नाथ धाम ट्रस्ट के महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी अरुण दास महाराज मुख्यतिथि के रूप में पधारे। इस दौरान पवन शास्त्री ने हवन करवाया। अखिल भारतीय संघ समिति उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री स्वामी महाराज ने कहा कि संकट मोचन श्रीबालाजी धाम भक्तों की आस्था का केंद्र है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है। सेवा और भक्ति का जो संगम आज सूई गांव में देखने को मिला है, वह अनुकरणीय है। समारोह के दौरान धाम के नवनिर्मित मुख्य द्वार का भव्य उद्घाटन किया। मुख्यतिथि मनोज दीवान, हवासिंह जांगड़ा और संजय शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। ललित ठेकेदार ने मंदिर परिसर के विकास के लिए बड़ी घोषणा की।

## विश्वास और विभाजन के इतिहास का गवाह है प्राचीन दुर्गा मंदिर: देवीदत्त

- भिवानी का वह मंदिर, जिसकी ज्योत अखंड भारत की दिलाती है याद, पाकिस्तान से आए भक्त ने रखी थी नींव



भिवानी। मंदिर में अखंड ज्यौत लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

छोटी काशी के नाम से मशहरू भिवानी के रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा कॉलोनी का प्राचीन दुर्गा मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्वास और विभाजन के इतिहास का गवाह भी है। आज यह मंदिर ना केवल स्थानीय निवासियों, बल्कि विदेशों में बसे भारतीयों के लिए भी आस्था का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। इस मंदिर का इतिहास साल 1947 के भारत-पाक विभाजन से जुड़ा है। मंदिर के मुख्य सेवादार देवीदत्त के अनुसार उनके पिता स्व. छोटूराम विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए थे। वे अपने साथ वहां से मां दुर्गा की अखंड जोत लेकर आए थे। भिवानी पहुंचने के बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास एक वीरान और सुनसान जगह पर अपना डेरा जमाया। उस समय यहां चारों तरफ केवल जंगल और झा हुआ करती थी। स्व. भगत छोटूराम ने यहां मां दुर्गा का एक छोटा सा मंदिर स्थापित किया था और पाकिस्तान से लाई गई अखंड जोत को वहां प्रज्वलित किया था। शुरुआत में यहां केवल कुछ ही लोग आते थे, लेकिन धीरे-धीरे मंदिर की महिमा फैलने लगी। लोग यहां आकर बसने लगे।

## हिंदू नववर्ष 2083 पर निकाली उत्सव यात्रा

- नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। हिंदू नववर्ष 2083 पर उत्सव यात्रा निकालते स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य।

स्वदेशी जागरण मंच ने हिंदू नव वर्ष 2083 के उपलक्ष में घंटाघर से जैन चौक तक नववर्ष उत्सव यात्रा निकाली। कार्यक्रम में मंच के कार्यकर्ता व शहर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अखिल भारतीय कार्यकर्ता सुनीता भर्तृवाल ने कहा कि हिंदू नव वर्ष नई चेतना वह नई जागृति लेकर आता है और वैज्ञानिक दृष्टि से भी हमारा नववर्ष पंचांग के अनुसार विक्रमी संवत अनुसार ही हमें मनाना चाहिए। जिला संयोजक धीरज सोनी ने कहा कि नव वर्ष पूरा धार्मिक दृष्टि से भी मानना चाहिए कि इस दिन वर्ष प्रतिपदा व नवरात्रों की शुरुआत होती है, हमें अपने घरों में हवन पूजा पाठ आदि करनी चाहिए और मिठाई घर पर बनाने चाहिए और नववर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर विभाग संचालक सत्यनारायण मित्तल, अमित बंसल, अतुल गुप्ता, राजीव मित्तल आदि मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को धारण करने से देश पुनः बनेगा विश्वगुरु

- गुरुकुल चरखी दादरी के आचार्य प्रवीण एवं ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ विधिवत संपन्न करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। हवन में आहुति डालते दादी मसानी समाजसेवा समिति एवं ग्राम पंचायत तिवाला के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को जीवन में धारण करने से ही भारत देश पुनः विश्व गुरु बन सकता है, ये उद्गार भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर दादी मसानी धाम तिवाला में दादी मसानी समाज सेवा समिति एवं ग्राम पंचायत तिवाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य हवन यज्ञ में गुरुकुल चरखी दादरी के आचार्य प्रवीन ने व्यक्त किए। इस अवसर पर गुरुकुल चरखी दादरी के आचार्य प्रवीण एवं ब्रह्मचारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ विधिवत संपन्न करवाया गया। यज्ञ के दौरान आचार्य प्रवीण ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों को अपनाकर ही समाज में सद्भावना, नैतिकता और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम में दादी मसानी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष विजय ठेकेदार, उपाध्यक्ष निरंजन लाल एवं डॉ. मुरारीलाल ने अपने विचार रखते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

## एडीसी ने स्कूलों में मिड डे मिल की गुणवत्ता जांची

- एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने निरीक्षण के दौरान पौधा रोपण कर दिया विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। स्कूल के निरीक्षण के दौरान पौधारोपित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शौचालयों की सफाई व्यवस्था, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, कचरा प्रबंधन, मिड-डे मील और किचन गार्डन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों पर स्कूल मुखियाओं को दिशा निर्देश दिए।

एडीसी ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला दिनोद व बजीना, राजकीय माध्यमिक विद्यालय भांखडा, राजकीय हाई स्कूल अलखपुरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिवासा और राजकीय माध्यमिक विद्यालय धारण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीसी ने विभिन्न स्कूलों में मिड डे मील में तैयार किए जाने वाले दोपहर के भोजन की गुणवत्ता की जांच की।



### नवरात्रि पर हिमाचल के ज्वाला देवी मंदिर से तोशाम पहुंची मां ज्वाला ज्योति, भक्तों ने किए दर्शन

**तोशाम।** गुरुवार को नवरात्रि प्रारंभ पर तोशाम के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए, जिससे मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंजायमान रहे। वहीं ज्वाला देवी शक्तिपीठ ट्रस्ट के संचालक मनीष भगत के नेतृत्व में हर बार की भांति अबकी बार भी कांगड़ा जिले के ज्वाला देवी मंदिर से मां ज्वाला ज्योति तोशाम पहुंची। दूसरी तरफ तोशाम के जय मां वैष्णो देवी मंदिर में वैष्णो मां की भगत नीलम वलेचा के नेतृत्व में ज्योतिष आचार्य कुंजबिहारी शास्त्री ने हवन-यज्ञ के साथ माता रानी की दर्जनों अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। इस दौरान तोशाम के दक्षिणमुखी संकट मोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत पंडित रामकिशन महाराज से माता रानी के अनेक भक्तों ने आशीर्वाद लिया। गुरुवार को विक्रम नवसंवत प्रारंभ हुआ, जिसके साथ चैत्र नवरात्रि भी प्रारंभ हुए। प्रथम नवरात्रि पर तोशाम के ज्वाला देवी शक्तिपीठ मंदिर में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित प्रमुख 51 शक्तिपीठों में से एक ज्वाला देवी मंदिर से जो सदियों से बिना तेल बाती के जल रही प्राकृतिक अखंड ज्योति माता रानी के भक्त तोशाम लाए।

### गोवंश के संरक्षण व सनातन धर्म की रक्षा के प्रति जागरूकता है कथा का उद्देश्य : बेला पारिक

# श्रीमद् गोभागवत कथा का न्योता लेकर भिवानी पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक कथा करवाई जाएगी**

धर्म और गौ-सेवा के संगम स्वरूप हिसार के मिरका गांव में 23 मार्च से आयोजित होने वाले श्रीमद् गौ भागवत कथा एवं श्री सुरभि महायज्ञ का निमंत्रण देने के लिए वीरवार को श्रद्धालुओं का एक जत्था भिवानी पहुंचा। कथा वाचिका विदुषी बेला पारिक के नेतृत्व में पहुंचे इस जत्थे का भिवानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोहाना से समाजसेवी रविंद्र सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। भिवानी पहुंचने पर सैनी कल्याण परिषद के उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने अपनी टीम के साथ जत्थे का भव्य स्वागत किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

जत्थे का नेतृत्व कर रही मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्षा विदुषी बेला पारिक ने कहा कि गौ माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इस कथा का मुख्य उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को गोवंश के संरक्षण और सनातन धर्म की रक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च से 30 मार्च तक सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मिरका (हिसार) की धरा पर प्रतिदिन 108 कुण्डीय महायज्ञ और कथा का रसपान होगा। वे छोटी काशी भिवानी के समस्त धर्मप्रेमियों को इस महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण देने पहुंचे है। इस मौके पर सैनी कल्याण परिषद के उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि इतना विशाल धार्मिक और सामाजिक अनुष्ठान हमारे पड़ोसी जिले में हो रहा है। सैनी कल्याण परिषद और भिवानी के श्रद्धालु इस नेक कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और तन-मन-धन से सहयोग करेंगे। गौरतलब होगा कि हिसार के तोशाम रोड स्थित मिरका गांव में होने वाले इस कार्यक्रम के तहत 23 जुलाई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा कथा के शुभारंभ के बाद 108 कुण्डीय दशांश महायज्ञ, प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक कथा तथा 30 मार्च को पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



भिवानी। कथा वाचिका विदुषी बेला पारिक का स्वागत करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विदुषी बेला पारिक, वाईस चेयरमैन सुभाष सैनी लोहारु, प्रधान ओमप्रकाश सैनी हनुमान ढाणी, नरेश सैनी, विजय सैनी, कृष्ण दहिया, औमप्रकाश सैनी उप प्रधान सैनी कल्याण कल्याण, मनीष सैनी, पवन सैनी पार्षद, सुरेश चंद सैनी कोषाध्यक्ष, पंडित योगी, धर्मवीर शर्मा, शंकर सैनी, रमेश जांगडा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, मनीष कुमार अग्रवाल पुत्र श्री फ़कीरचंद अग्रवाल निवासी 235, विकास नगर, भिवानी बयान करता हूँ मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम मनीष अग्रवाल उर्फ मनीष कुमार अग्रवाल दर्ज है। अब मैंने अपना नाम मनीष कुमार अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष कुमार अग्रवाल के नाम से जाना व पहचान जाए।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों की सेवा करना, गंगा स्नान बराबरः फौगाट

**चरखी दादरी।** ढाणी फौगाट स्थित बाबा जोतनाथ धाम परिसर में स्वर्गीय दादी मां रामकौर की 35 वीं पुण्यतिथि पर शब्द व भजन व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। माता रामकौर एक धर्मपरायण व इसके साथ अनुभवी की कीताब थी। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कलावती अस्पताल की और से डॉक्टर अस्मिता रजत फौगाट, सहायक मीना चौहान की पूरी टीम ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। 137 महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाया। निःशुल्क दवाई वितरित की गई।

### भाजपा एससी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी बने संजय

**भिवानी।** भाजपा एससी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट अशोक बिडलान से मोर्चा का विस्तार कर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक और एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता से विचार विमर्श कर संजय लोहट को भाजपा एससी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी। लोहट ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता, जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक का आभार जताया।

### जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 25 को

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक बुधवार 25 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के कृषि एवं किसान मंत्री श्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने बताया कि 25 मार्च को आयोजित होने वाली जिला लोक संकर्प एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 12 मामले रखें जाएंगे, जिनमें से 4 पुराने और 8 नए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री मामलों की सुनवाई करते हुए उनका समाधान करवाएंगे।

### जयंती समारोह के लिए मंत्री को दिया निमंत्रण

**भिवानी।** सैनी कल्याण परिषद की एक विशेष टीम ने परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में हरियाणा सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान टीम ने उन्हें आगामी 11 अप्रैल को भिवानी में आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह के लिए बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया, जिसे मंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। यह कार्यक्रम 11 अप्रैल को स्थानीय हनुमान ढाणी की सैनी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

### कृष्ण सोनी भांडवा बने जिला अध्यक्ष

**बाढडा।** कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी सरपंच कृष्ण सोनी भांडवा को ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनको नई जिम्मेदारी मिलने पर उपमंडल क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहना कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा महासचिव सुनील शर्मा व पंचायत समिति वाईस चेयरमैन सतीश भांडवा ने कहा कि ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसो. अध्यक्ष मुकुल वर्मा की अगुवाई में संपन्न बैठक में दक्षिणी हरियाणा के प्रतिष्ठित व्यापारी सरपंच कृष्ण सोनी भांडवा को ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का चरखी दादरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह उनकी इमानदारी, पारदर्शी कार्यशैली व समाज के लिए किए जा रहे जनहित कार्यों को देखते हुए महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

### प्रशासन योजनाओं का लाभ जल्द दें: संदीप

**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के मिलने वाली योजनाएं को जिला प्रशासन गरीब व्यक्ति को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ दें । धानक जनकल्याण मंच ने मुख्यमंत्री इस बारे में पत्र लिख है।

### 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के दुर्दिन हो गए शुरू: राजेश सिंधू

# सामाजिक संगठनों ने की 24 घंटे सुविधाएं देने की मांग

तीन चिकित्सकों के सहारे रोज 300 ओपीडी को निपटाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सुविधाएं दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

बवानीखेड़ा के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाए चालू रखने की मांग को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्यों ने तहसीलदार के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस पर वहां पर मौजूद कानूनगो ने उनका मांगपत्र तहसीलदार के माध्यम से सीएम को भेजने का भरोसा दिलाया।

अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के दुर्दिन शुरू हो गए। विगत में सरकार ने उक्त अस्पताल को सौ बिस्तरों का बनाने की घोषणा की थी,लेकिन उस पर आज तक अमल नहीं हुआ। बल्कि अस्पताल की सुविधाओं से ही हाथ खींचना शुरू हो गया। 26 मार्च को बवानीखेड़ा के चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल में चिकित्सकों के अभाव में बवानीखेड़ा के सरकारी अस्पताल की 24 घंटे सातों दिन होने वाली आपातकालीन की सुविधाओं पर विराम ही लगा दिया। अब केवल अस्पताल तीन चिकित्सकों के सहारे रोजाना होने वाली करीब 300 ओपीडी को निपटाया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों के अभाव में यह कदम उठाया था। चूंकि यहां पर 11 चिकित्सकों की पद है, तीन को छोड़कर बाकी बचे सभी पद रिक्त पड़े। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की कमी के चलते 24 घंटे सात दिनों तक चलने वाली आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी। उन्होंने जिला प्रशासन से उक्त अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की व्यवस्था करके लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य से संबंधित सेवाए दी जाए। ताकि लोगों को इलाज के लिए कहीं पर भटकना न पड़े।

#### मरीज को नहीं किया जाएगा रेफर

**बवानी खेड़ा।** बुधवार को सीएमओ के आदेश जारी होने के बाद बवानीखेड़ा सामान्य अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्था धीरे धीरे पटरी पर आने लगी है। बवानीखेड़ा चिकित्सा प्रभारी ने पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी तय कर दी है। यह भी निर्देश दिए गए है कि अगर जरूरत पड़े तो वे किसी वक्त भी चिकित्सक को बुला सकते है। पर किसी भी मरीज को भिवानी के लिए रेफर नहीं करेंगे। उन सभी का यही पर इलाज होगा। सीएम रघुबीर सिंह शांडिल्य की तरफ से पत्र मिलने के बाद बवानीखेड़ा अस्तपाल में 24 घंटे पैरा मेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। साथ ही चिकित्सक अन्य दिनों की तरफ रोजाना नियमित ओपीडी भी करते रहेंगे। बताया जा रहा है कि अगर जरूरत होगी तो पैरा मेडिकल स्टाफ किसी भी वक्त चिकित्सक को बुला सकेंगे।

# पहली कुश्ती बराबरी पर छुटी

- कुश्ती की वजह से चरखी दादरी जिला बना चुका अंतरराष्ट्रीय पहचान :महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा


**बाढड़ा।** पहलवानों का परिचय लेकर कुश्ती शुरू करवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दादी मसानी धाम तिवाला में आयोजित कुश्ती दंगल एवं ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए पहलवानों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में आयोजित पहली कुश्ती चिराग मिर्चपुर और आशीष गोदड़ी के बीच बराबरी पर छुटी। दूसरी कुश्ती भी रामधन झामरी और मंजीत बहादुरगढ़ के बीच मुकाबल बराबरी का रहा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी महादेव बलाली ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कुश्ती की वजह से चरखी दादरी जिला अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है। हमारे जिले से विश्व स्तर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

#### खिलाड़ियों में अच्छे संस्कार होते हैं विकसित

समाजसेवी महादेव बलाली ने कहा है कि दादी मसानी की इस क्षेत्र में गहरी आस्था और मान्यता है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे धार्मिक स्थलों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने से खिलाड़ियों में अच्छे संस्कार विकसित होते हैं और युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं।

# फोन से की जा सकती है गैस सिलेंडर ईकेवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए जरूरी ईकेवाईसी बड़ी आसानी के साथ फोन पर ही की जा सकती है। इसके लिए एजेंसी में जाकर लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं है और यह प्रक्रिया पूरी तरह से मुफ्त भी है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने जिला के नागरिकों से मोबाइल पर उपलब्ध सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। इन दिनों अफवाहों के कारण लोग गैस सिलेंडर से संबंधित ईकेवाईसी के लिए एजेंसी की लाइनों में लगने का मजबूर हो रहे हैं।

#### आज की स्थिति

कुल 2402 सिलेंडरों की मांग रही। जबकि वीरवार सुबह की स्थिति के अनुसार जिला में 2193 सिलेंडरों का स्टॉक है और 1530 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। ऐसे में जिला में कुल 3723 सिलेंडर उपलब्ध हैं। अलग अलग कंपनी की बात की जाए तो आईओसीएल मांग 1609, स्टॉक 1612 और 720 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। इसी प्रकार एचपीसीएल की मांग 64, स्टॉक 321 और बीपीसीएल की मांग 729, स्टॉक 260 व 810 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। उपायुक्त ने जिला के लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

### गांव नरसिंहवास में कलश यात्रा निकाली

**चरखी दादरी।** वीरवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 हिंदू नव वर्ष की पावन बेला पर गांव नरसिंहवास में बाबा जमना गिरी मंदिर में महंत बाबा अभय गिरी के सानिध्य में भव्य आयोजन हुआ। बाबा जमना गिरी मंदिर से हवन परिक्रमा शुरू हुई जो गांव में फेरी लगाई गई । कलश यात्रा निकाली गई वापस मंदिर में आकर पूर्णाहुति के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित हुआ। ग्राम परिक्रमा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया। हरियाणा प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख अनिल जी का बौद्धिक रहा जिसको सभी ग्रामीणों ने बड़े ही चाव व शांतिपूर्वक ढंग से सुना।

# सफल एवं सटीक जनगणना के लिए सही प्रशिक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- जिला में 3 दिवसीय प्रशिक्षण में 16 फील्ड ट्रेनर ले रहे भाग
- 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगी ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा

हरियाणा राज्य में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कडी में जिला में जनगणना विभाग द्वारा 3 दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 से 21 मार्च तक लघु सचिवालय में किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सीटीएम एवं एसडीएम योगेश सैनी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं तय होती हैं। जनगणना में फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। आज प्राप्त किया जा रहा प्रशिक्षण जनगणना कार्य की सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जितना बेहतर प्रशिक्षण फील्ड स्तर तक पहुंचेगा, जनगणना का कार्य उतना ही प्रभावी और त्रुटिरहित होगा।

सटीक एवं सफल जनगणना के लिए प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा।

# भक्ति एवं त्याग के संदेश के साथ नवसंवत का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- भक्त एवं भगवान के प्रेम का प्रतीक था श्रीकृष्ण का सखाओं के साथ माखन चुराना : साध्वी विभानंद

नव विक्रमी संवत-2083 के मंगल आगमन पर कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्यासागर चैरिटेबल अस्पताल का परिसर भक्ति के अनूठे रंग में रंगा नजर आया। अस्पताल के धर्मचन्द तीकिया सभागार में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक उत्सव का समापन आज तपोभूमि परमहंस योगाश्रम के स्वामी कृष्णानंद सरस्वती के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

उत्सव के अंतिम दिन बालयोगिनी साध्वी विभानन्द सरस्वती ने अपनी ओजस्वी और मधुर वाणी से सत्संग की अमृत वर्षा की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोता लगाया। साध्वी विभानन्द ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन करते हुए माखन चोर प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गोकुल और वृंदावन की गलियों में कृष्ण का सखाओं के साथ माखन चुराना मात्र क्रीड़ा नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के प्रेम का प्रतीक था, जब कान्हा पकड़े जाते तो अपनी एक मुस्कान से गोपियों का क्रोध मोह में बदल देते थे। माखन चोर की यह लीला हमें सिखाती है कि यदि हमारा मन माखन की तरह श्वेत और निर्मल हो, तो भगवान स्वयं उसमें निवास करने के लिए खींचे चले आते हैं। कार्यक्रम के दौरान साध्वी ने महर्षि दधीचि के प्रसंग के माध्यम से त्याग की पराकाष्ठा को समझाया। उन्होंने बताया कि जब असुर वृत्रासुर ने स्वर्ग पर अधिकार कर लिया, तब देवताओं की रक्षा के लिए महर्षि दधीचि ने बिना क्षण गंवाए योग बल से अपनी देह त्याग दी। उनकी अस्थियों से बने'वज्र ने ही अधर्म का नाश किया। साध्वी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महर्षि दधीचि का जीवन हमें सिखाता है कि उद्देश्य महान हो और धर्म की रक्षा का प्रश्न हो, तो अपने प्राणों की आहुति देने में भी संकोच नहीं करना चाहिए। समाज में बढ़ती भौतिकता पर कटाक्ष करते हुए साध्वी विभानन्द ने धन की तीन गतियों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो सर्वोत्तम है और लोक-परलोक सुधारता है, जो मध्यम श्रेणी में आता है,धन न दान किया जाए न भोगा जाए, तो वह स्वतः नष्ट हो जाता है

# चैहड़ कला की बेटी प्रतिभा ने गेट में पाई 16वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल


**बहल।** प्रतिभा अपनी माता अलका आर्य के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

बहल क्षेत्र के गांव चैहड़ कलां की बेटी प्रतिभा ने गेट 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया 16वीं रैंक हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रतिभा, लोहारू से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी रह चुकी अलका आर्य की बेटी हैं। प्रतिभा ने कृषि अभियांत्रिकी विषय में यह शानदार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कुल 45.33 अंक हासिल कर 713 गेट स्कोर प्राप्त किया, जो देशभर में टॉप रैंक में शामिल है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गांव के लोगों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने प्रतिभा और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिभा की इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे लोहारू क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

# हरियाणवी नृत्य ने खूब तालियां बटोरी

- सांस्कृतिक मंच ने धूमधाम से मनाया 36वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

कला, साहित्य व संस्कृति को समर्पित संस्था सांस्कृतिक मंच ने अपना 36 वां स्थापना महोत्सव कीर्ति नगर स्थित सांस्कृतिक सदन में बड़े धूमधाम से मनाया। आयोजन में मंच के परिवारजनों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी।

कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी के सात बार राज्य पुरस्कार से सम्मानित कलाकार यशवी, गीतिका व नेहा ने गीत छोटी सी बंदड़ी, फेरा प झगड़ी, देख मेरे दामन की फटकार पर अपने नृत्य से खूब धमाल मचाया. उनके हरियाणवी नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। प्रख्यात गायिका सिमरन कौर ने आओगे जब तुम ओ साजना, अंगना फूल खिलेंगे गाया तो लोग झूम उठे।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए वरिष्ठ सदस्य शशि परमार व इंदु शर्मा ने बताया कि डॉक्टर संजय अत्रि तथा जगत नारायण ने भी अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन का संयोजन मंच के महासचिव रणविजय सिंह ने किया। चार्टर्ड अकाउंट सुषमा शर्मा व शान्ति देवी कौशिक ने भगवान कृष्ण को समर्पित गीत गाया।

### लोहे के पोल पर लगा ट्रांसफार्मर बना खतरा हादसों को दे रहा न्योता

**तोशाम।** तोशाम के सुरेंद्र चौक पर स्थित एक ट्रांसफार्मर और लोहे के पोल पर लटकती 11 हजार वोल्ट की लाइन स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। खुले और अव्यवस्थित तारों के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदार सुनील फोगाट, गौरव, विजेंद्र आदि का कहना है कि ट्रांसफार्मर के आसपास तार बेतरतीब ढंग से लटके हुए हैं, जिससे करंट लगने की आशंका बनी रहती है। आसपास दुकानों और आवागमन की अधिकता के कारण आम जनता, बच्चों और राहगीरों की जान जोखिम में है।

# बैठक में बजट प्रस्तावों पर चर्चा की

- बैठक में खींचा बवानीखेड़ा कस्बे के विकास का खाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** आयोजित बैठक में उपस्थित चेयरमैन व पार्षद। *फोटो: हरिभूमि*

बवानीखेड़ा नपा के चेयरमैन सुन्दर शर्मा की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं में सुधार तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए विस्तृत रूप से बजट प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा आय एवं व्यय के विभिन्न मदों पर विचार-विमर्श करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्राथमिकताओं को निर्धारित किया गया। विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़कों के रख-रखाव, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें तथा बजट का उपयोग पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। बैठक का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया।

### वैश्य महाविद्यालय भिवानी में सात दिवसीय शिविर का आगाज

# राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास का माध्यम : डॉ. दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित शिविर में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवक सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। यह बात उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा अनुमोदित वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वाधान में "मेरे भारत के लिए युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा" विषय पर आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि स्टेट एन एस एस ऑफिसर हरियाणा डॉ दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया।

#### प्रभावी संवाद कौशल ही सफलता की कुंजी

"संवाद से सफलताः व्यक्तित्व विकास और करियर की राह" विषय पर व्याख्यान देते हुए डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रभावी संवाद कौशल ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने विचारों को स्पष्ट और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और अच्छे संचार कौशल के माध्यम से व्यक्तित्व का समग्र विकास किया जा सकता है, जो करियर में नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करें और संवाद की कला को अपनाकर सफलता की राह पर आगे बढ़ें।



# पुलिस ने घर-घर जाकर पहुंचाया नशा मुक्ति संदेश

**चरखी दादरी।** नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने गांव मानकावास में ग्रामीणों को नशा छोड़ने का संदेश दिया। अभियान के दौरान उप निरीक्षक सतबीर सिंह और उनकी टीम ने ग्रामीणों से संवाद कर नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। अभियान के तहत लोगों को यह भी बताया गया कि यदि किसी को नशे की लत है तो वह इलाज और परामर्श के जरिए इससे बाहर आ सकता है। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।